**दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान) तैयार किये जाने हेतु एजेन्सी के चयन के अनुमोदन हेतु प्रमुख सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में शासनादेश संख्या– 834/69–1–14 –14(104)/2013 दिनांक 23 मई 2014 के द्वारा गठित "राज्य परियोजना स्वीकृति समिति" की दिनांक 12.06.2017 को सूडा सभागार में सायं 03:30 बजे आयोजित अष्टम बैठक का कार्यवृत्त**

दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के अन्तर्गत उल्लिखित शासनादेश के अधीन गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक प्रमुख सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 12.06.2017 को आयोजित हुई, जिसमें समिति के सदस्यों और राज्य शहरी आजीविका मिशन/सूडा उ0प्र0 के निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया:–

1. श्री कुमार कमलेश, प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, मिशन निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
3. डा0 वी0के0 सिंह, अपर निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
4. श्री लाल प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक, सूडा, उ0प्र0।
5. श्री आर0एन0 सिंह, संयुक्त सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
6. श्री मनोज कुमार मौर्य, अनुसचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
7. श्री गंगाधर कुशवाहा, शोध अधिकारी, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
8. श्री राम नरेश, अपर सांख्यिकी अधिकारी, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
9. डा0 राकेश कुमार, सहायक निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ।
10. श्री आई0पी0 कनौजिया, परियोजना निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
11. श्री आर0एन0 पाल, स्टेट मिशन मैनेजर, एन0यू0एल0एम0, सूडा, उ0प्र0।
12. श्री नरेन्द्र सिंह, परियोजना अधिकारी, डूडा सम्भल।
13. श्री मो0 आरिफ, परियोजना अधिकारी, डूडा मिर्जापुर।
14. श्री विनय सिंह, परियोजना अधिकारी, डूडा शाहजहांपुर।
15. श्री एस0डी0राय, परियोजना अधिकारी, डूडा फतेहपुर।
16. श्री दिवाकर यादव, परियोजना अधिकारी, डूडा, फैजाबाद।
17. श्रीमती अनामिका सक्सेना, परियोजना अधिकारी, डूडा जालौन।
18. श्री ए0एम0 खान, परियोजना अधिकारी, डूडा, हापुड।
19. श्री सी0के0श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी, डूडा, अमरोहा।
20. श्री राकेश कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी, डूडा, हरदोई।
21. श्री रंजीत सिंह, सिटी मिशन मैनेजर, सी0एम0एम0यू0–डूडा जालौन।

एजेन्डा बिन्दु संख्या–1

राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति की बैठक में सर्वप्रथम मिशन निदेशक/निदेशक सूडा द्वारा दीनदयालय अँन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (Support to Urban Street Vendors - SUSV)" के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। इस घटक का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को उनके कार्य के लिये उपयुक्त स्थलों, संस्थागत ऋण, सामाजिक सुरक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के साथ शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण कर उन्हें पहचान–पत्र जारी करना, शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्टीट वेड़िंग प्लान) तैयार करना, शहर में वेड़िंग जोन हेतु अवस्थापना विकास हेतु विस्तृत क्रियान्वयन प्लान (डिटेल इम्प्लीमेन्टेशन प्लान) (डी0आई0पी0) तैयार करना, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, वित्तीय सहायता प्रदान करना है और सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध सहायता को पथ विक्रेताओं तक पहुँचाना है। दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत उपलब्ध सम्पूर्ण बजट का 5 प्रतिशत तक इस घटक पर खर्च किया जा सकेगा। **समिति द्वारा उपरोक्त तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए पिछली बैठक दिनांक 18.11.2016 की पुष्टि की गयी।**

एजेन्डा बिन्दु संख्या–2

मिशन के अन्तर्गत चयनित शहरों में शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता उपलब्ध कराने हेतु शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार किया जाना है। योजना के दिशा–निर्देशानुसार सूडा के पत्रांक– 3669/241/NULM/तीन/2001(SUSV), दिनांक 01.01.2015 द्वारा जारी किये गये। उक्त निर्देश में पत्रांक–03/241/NULM/तीन/ 2001(SUSV), दिनांक 01.04.2015 द्वारा सशोधन करते हुए एजेन्सी चयन प्रक्रिया में एल–1 प्रणाली अपनाने के निर्देश जारी किये गये हैं। सूडा के पत्रांक– 687/241/NULM/तीन/2014(SUSV), दिनांक 22.05.2015 द्वारा शहरों हेतु एक मॉडल ड्राफ्ट निविदा (आर0एफ0पी0) को वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

उक्त दिशा निर्देशानुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु नगर निकायों द्वारा एजेन्सी का चयन निविदा जारी करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा किया जायेगा। उक्त दिशा–निर्देश के प्रस्तर 6.2.2.7 के अनुसार चयनित एजेन्सी को शहरी पथ विक्रेता प्लान (सिटी स्ट्रीट वेंडिंग प्लान) आदि तैयार करने हेतु कार्यादेश जारी करने से पहले उसके चयन को शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति से अनुमोदनार्थ शाहजहांपुर, सम्भल, फैजाबाद, मिर्जापुर, हापुड, फतेहपुर, जालौन, अमरोहा एवं हरदोई हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिनका विवरण और उनपर समिति द्वारा लिया गया निर्णय/निर्देश निम्नवत हैः–

(1) **शाहजहॉपुर**–अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/सिटी प्रोजेक्ट आफीसर, शाहजहांपुर के पत्रांक–48/डूडा/के–एनयूएलएम(एसयूएसबी)/2017–18, दिनांक 25.05.2017 तथा उसके साथ संलग्न परियोजना अधिकारी, डूडा, शाहजहांपुर की टिप्पणी में अवगत कराया गया है कि शहरी पथ विकताओं को सहायता योजनान्तर्गत शहरी पथ विकेताओं के सर्वेक्षण आदि के लिए पत्रांक 126/डूडा/एनयूएलएम/एसयूएसबी/2016, दिनांक 04.08.2016 द्वारा सर्वाधिक प्रसार संस्था वाले समाचार पत्रों दैनिक जागरण तथा हिन्दुस्तान में निविदा की सूचना प्रकाशित की गयी। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 19.08.2016 तक कोई निविदा प्राप्त नहीं हुयी। पुनः

कार्यालय के पत्र संख्या–156/डूडा/ एनयूएलएम/एसयूएसवी/2016–17, दिनांक 26.09.2016 द्वारा दो समाचार पत्रों दैनिक जागरण और हिन्दुस्तान में निविदा प्रकाशित की गयी। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 14.10.2016 निर्धारित थी। उक्त तिथि तक तीन निविदायें प्राप्त हुयी जो अर्हता पूरी न करने के कारण निरस्त कर दी गयी। तदुपरान्त पत्र संख्या–04/डूडा/एनयूएलएम/ एसयूएसवी/2017–18, दिनांक 14.04.2016.7 द्वारा दो समाचार पत्रों दैनिक जागरण और हिन्दुस्तान में निविदा प्रकाशित करायी गयी। निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 02.05.2017 तक दो निविदायें प्राप्त हुई, एक अदिति सिस्टम्स, मो0 जौहर अली रोड, रामपुर और दूसरा मे0 बायोटेक वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, उन्नाव। दोनों निविदाओं की तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने पर वित्तीय बिड खोली गयी जिसमें अदिति सिस्टम्स, रामपुर की दर रू0 290.00 प्रति वेडर तथा वायोटेक मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0 की दर रू0 195.00 प्रति वेण्डर प्राप्त हुयी। मे0 वायोटेक मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0 की दर रू0 195.00 प्रति वेण्डर न्यूनतम पाये जाने के फलस्वरूप जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा उसका चयन किया गया। अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/सिटी प्रोजेक्ट आफीसर द्वारा उपरोक्त वस्तुस्थिति के परिप्रेक्ष्य में शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजनान्तर्गत सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार किये जाने एवं समस्त कार्यो को सम्पादित करने हेतु मे0 बायोटेक मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, उन्नाव को अर्ह पाये जाने के कारण अनुमोदन प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

**उपरोक्तानुसार न्यूनतम निविदादाता मे0 बायोटेक वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, उन्नाव की दर रू0 195.00 प्रति वेंडर का अनुमोदन राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा किया गया। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(2) सम्भल–** दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत सम्भल नगर के पथ विकेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेंडिंग प्लान आदि तैयार करने हेतु दिनांक 30.06.2016 को प्रकाशित निविदा के माध्यम से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। पुनः दिनांक 11.07.2016 को निविदायें आमंत्रित की गयी, जिसमें प्राप्त एक ही निविदा में अर्हतायें पूर्ण होने के कारण राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक 18.11.2016 में पुनः निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिये गये थे।

परियोजना अधिकारी, डूडा, सम्भल के पत्रांक 488/डूडा/2017–18, दिनांक 25.05.2017 द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त निर्देशों के क्रम में पत्र संख्या–427/डूडा–निविदा/2016–17, दिनांक 19.04.2017 के द्वारा शहरी पथ विकेताओं का सर्वे कराने हेतु सिटी वेडिंग प्लान तैयार किये जाने हेतु तीसरी बार निविदाएं आमंत्रित करने हेतु दैनिक समाचार पत्रं अमर उजाला व दैनिक जागरण के अंक दिनांक 20.04.2017 में विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर दिनांक 04.05.2017 तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गये। शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/अध्यक्ष सम्भल द्वारा गठित समिति जिसमें अपर जिलाधिकारी

(वि0 / रा0) / परियोजना निदेशक, डूडा को अध्यक्ष नामित किया है, के समक्ष निर्धारित तिथि तक (1) (SHYAM GRAMODHOG SANSTHAN CHARA ALIGARH (2) URBAN GEOCRAFT OPC PVT LTD NEW DELHI) द्वारा निविदायें डाली गयी। दोनों संस्थाओं द्वारा तकनीकी बिड पूर्ण होने के कारण निविदा बैध पायी गयी। उसी दिन दोनों संस्थाओं की वित्तीय निविदा खोली गयी। वित्तीय निविदा में दर कम होने के कारण SHYAM GRAMODHOG SANSTHAN CHARA ALIGARH की निविदा स्वीकृत किया गया तथा SHYAM GRAMODHOG SANSTHAN CHARA ALIGARH को दिनांक 17.05.2017 को पावर प्वाइंट प्रजन्टेशन प्रस्तुत करने हेतु व वित्तीय निविदा का निगोशियेशन के लिए आमंत्रित किया गया। उक्त संस्था द्वारा प्रस्तुत वित्तीय निविदा में सर्वेक्षण की दर रू0 225.00 प्रति शहरी पथ विक्रेता प्रेषित की गयी थी, तदुपरान्त उक्त संस्था से वित्तीय निविदा का निगोशिएशन किया गया, जिसमें सर्वेक्षण की दर रू0 208.00 प्रति शहरी पथ विक्रेता पर सहमति बनी। URBAN GEOCRAFT OPC PVT LTD NEW DELHI की दरें रू0 249.00 प्रति वेण्डर दी गयी थी। मे0 श्याम ग्रामोघोग संस्थान, अलीगढ की निगोशिएशन के उपरान्त न्यूनतम दर रू0 208.00 प्रति वेण्डर अनुमोदन / स्वीकृति की संस्तुति की गयी है।

**उपरोक्तानुसार सम्भल शहर में कार्यदायी एजेन्सी मे0 श्याम ग्रामोघोग संस्थान, अलीगढ की न्यूनतम दर रू0 208.00 प्रति शहरी पथ विक्रेता के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से पुनः निगोशिएशन के उपरान्त रू0 195.00 प्रति वेण्डर प्राप्त न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और समिति को भी उक्त की जानकारी दी गयी। समिति द्वारा उक्त के अनुमोदनोपरान्त निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(3) फैजाबाद**—दीनदयालय अन्त्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत फैजाबाद नगर में शहरी पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार करने हेतु पूर्व में निविदायें आमंत्रित की गयी थी जिसमें मात्र दो निविदायें प्राप्त हुयी। अपेक्षित संस्था से कम निविदायें प्राप्त होने के कारण राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा बैठक दिनांक 18.11.2016 में निविदायें निरस्त कर पुनः निविदा प्रकाशित कर संस्था / एजेन्सी के चयन की कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

अपर जिलाधिकारी(नगर) / शहर परियोजना अधिकारी, डूडा, फैजाबाद के पत्र संख्या 06 / डूडा / 2017—18 दिनांक 13.04.2017 द्वारा अवगत कराया गया है कि प्राप्त निर्देश के कम में शहरी पथ विक्रेताओं हेतु सहायता योजनान्तर्गत 2017—18 में शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार किये जाने हेतु एजेन्सी के चयन हेतु प्रकाशित की गयी निविदा सूचना के सापेक्ष 03 एजेन्सियां यथा—1 मार्ग सॉफ्टवेयर सोलूसन आशा अपार्टमेन्ट, हजरतगंज, लखनऊ, 2 अनुराधा टेक्निकल सर्विसेज, प्रा0लि0 तथा 3 विजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ द्वारा

निविदा डाली गयी। सीलबन्द निविदायें गठित कमेटी के समक्ष दिनांक 04.04.2017 को खोली गयी। विवरण निम्नवत है:–

| क0सं0 | निविदादाता का नाम | निविदादाता द्वारा डाली गयी दर |
|---|---|---|
| 1 | मार्ग सॉफ्टवेयर सोल्यूसन आशा अपार्टमेन्ट, हजरतगंज, लखनऊ | रू0 290.00 प्रति वेण्डर |
| 2 | अनुराधा टेक्निकल सर्विसेज, प्रा0लि0 | रू0 310.00 प्रति वेण्डर |
| 3 | बिजनेश इनोवेशन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ | रू0 278.00 प्रति वेण्डर |

उक्त निविदाओं में बिजनेश इनेवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर रू0 278.00 प्रति वेण्डर की दर न्यूनतम पायी गयी, अतः विजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर को फैजाबाद में शहरी पथ विकेताओं हेतु सहायता योजनान्तर्गत वर्ष 2017–18 में शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार किये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के समक्ष प्रेषित किया गया।

**फैजाबाद और अयोध्या को मिलाकर नगर निगम गठित किया जा चुका है। अतः सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान पूरे नगर निगम क्षेत्र (फैजाबाद+अयोध्या) का तैयार करना होगा। फैजाबाद शहर में कार्यदायी एजेन्सी मे0 बिजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर रू0 278.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 197.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देने हेतु राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और बैठक में समिति को भी अवगत कराया गया। समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(4) मिर्जापुर–** दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत मिर्जापुर नगर में शहरी पथ विकेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार करने हेतु पूर्व में आमंत्रित निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर रू0 407.00 प्रति वेण्डर अधिक होने पर राज्य स्तरीय परियोजना समिति की बैठक दिनांक 18.11.2016 में उसे निरस्त करते हुए पुनः निविदा प्रकाशित कर संस्था/ऐजेन्सी के चयन की कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

परियोजना निदेशक/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), डूडा, मिर्जापुर के पत्रांक–31/एसयूएसवी/एनयूएलएम/2017–18, दिनांक 28 अप्रैल, 2017 के साथ प्राप्त निविदाओं का तुलनात्मक विवरण इस प्रकार संलग्न किया गया है:–

| क0सं0 | निविदादाता का नाम | निविदादाता द्वारा डाली गयी दर |
|---|---|---|
| 1 | मार्ग सॉफ्टवेयर सोल्यूसन आशा अपार्टमेन्ट, लखनऊ | रू0 490.00 प्रति वेण्डर |
| 2 | अनुराधा टेक्निकल सर्विसेज, प्रा0लि0, छित्तूपुर, वाराणसी | रू0 410.00 प्रति वेण्डर |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | बिजनेश इनोवेशन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ | रू0 281.00 प्रति वेण्डर |

उक्तानुसार मे0 बिजनेश इनोवेशन, विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ द्वारा प्रस्तुत दर रू0 281.00 प्रति वेण्डॅर स्वीकृत करने की संस्तुति की गयी है।

**उपरोक्तानुसार मिर्जापुर शहर में कार्यदायी एजेन्सी मे0 बिजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर रू0 281.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 197.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और समिति के समक्ष भी उक्त की जानकारी दी गयी। समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

(5) **हापुड**—दीनदयालय अन्त्योदय योजना—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत हापुड नगर में शहरी पथ विकेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार करने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी/सिटी प्रोजेक्ट आफीसर, डूडा, हापुड के पत्रांक 240/डूडा—हापुड/एसयूएसवी/2016—17, दिनांक 24.11.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि डूडा हापुड के पत्र सं0—134/एसयूएसवी/ 2016—17, दिनांक 30.08.2016 द्वारा दिनांक 22.09.2016 तक दैनिक समाचार पत्र दैनिक हिन्दुस्तान व राष्ट्रीय आईना के माध्यम से निविदा मांगी गयी थी परन्तु पर्याप्त संख्या में निविदा प्राप्त न होने के कारण पुनः डूडा के पत्रांक संख्या—176/एसयूएसवी/2016—17, दिनांक 08.10.2016 द्वारा दिनांक 17.10.2016 तक निविदायें आमंत्रित की गयी थी लेकिन निविदायें नियमानुसार न होने के कारण पुनः डूडा के पत्र संख्या—211/डूडा/2016—17, दिनांक 18.11.2016 के द्वारा दिनांक 25.11.2016 तक निविदायें आमंत्रित की गयी।

निर्धारित दिनांक तक युग एसोशिएटस, लखनऊ एवं बायोटेक वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, उन्नाव से निविदायें प्राप्त हुई। निविदाओं के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु गठित कमेटी द्वारा दोनों संस्थाओं की तकनीकी रूप से सक्षम पाया गया। निर्धारित दिनांक को दोनों संस्थाओं के द्वारा प्रस्तुत वित्तीय बिड को शासन द्वारा गठित कमेटी के द्वारा खोला गया। वित्तीय बिड खोले जाने पर उपर्युक्त संस्थाओं के द्वारा निम्न विवरण के अनुसार कार्य करने हेतु दर दी की गयी है:—

| क0सं0 | निविदादाता का नाम | निविदादाता द्वारा डाली गयी दर |
|---|---|---|
| 1 | युग एसोशिएटस, लखनऊ | रू0 241.00 प्रति वेण्डर |
| 2 | बायोटेक वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रा0 लि0, उन्नाव | रू0 265.00 प्रति वेण्डर |

उपरोक्तानुसार युग एसोशिएटस, लखनऊ द्वारा दी की गयी रू0 241.00 प्रति वेण्डर की दर सबसे कम पायी गयी है। पत्र में युग एसोशिएटस, लखनऊ की न्यूनतम निविदा रू0 241.00 प्रति वेण्डर अनुमोदित किये जाने की संस्तुति की गयी।

**उपरोक्तानुसार हापुड शहर में कार्यदायी एजेन्सी मे0 युग एसोशिएटस, लखनऊ की दर रू0 241.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 198.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और समिति को भी उक्तानुसार अवगत कराया गया। समिति द्वारा उक्त के अनुमोदनोपरान्त यह भी निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(6) फतेहपुर–** जिलाधिकारी, फतेहपुर के पत्र संख्या– डूडा/333/2016–17, दिनांक 24.03.2017 के साथ संलग्न विवरणानुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार किये जाने हेतु परामर्शी एजेन्सी का चयन करने के क्रम में दिनांक 11.06.2016 को समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित करायी गयी थी जिसकी निर्धारित तिथि 12.09.2016 थी जिसके क्रम में तीन प्रस्ताव प्राप्त हुए लेकिन निर्धारित मानक पूर्ण न होने के कारण समिति की सहमति पर पुनः निविदा की तिथि एक माह बढाई गयी। कुल तीन निविदायें प्राप्त हुई, जिनका विवरण इस प्रकार हैः–

| क्र0सं0 | निविदादाता का नाम | निविदादाता द्वारा डाली गयी दर |
|---|---|---|
| 1 | मे0 मार्ग सॉफ्टवेयर सोल्यूसन आशा अपार्टमेन्ट, गोखले मार्ग, लखनऊ | रू0 490.00 प्रति वेण्डर |
| 2 | मे0 अनुराधा टेक्निकल सर्विसेज, प्रा0लि0, छित्तूपुर, वाराणसी | रू0 470.00 प्रति वेण्डर |
| 3 | मे0 बिजनेश इनोवेशन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ | रू0 286.00 प्रति वेण्डर |

उपरोक्त तुलनात्मक विवरण के अनुसार मे0 बिजनेश इनोवेशन, 1/109, विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, की निविदा रू0 286.00 प्रति शहरी पथ विक्रेता न्यूनतम पायी गयी जिसके अनुमोदन हेतु संस्तुति की गयी है।

**उपरोक्तानुसार फतेहपुर शहर में कार्यदायी एजेन्सी मे0 बिजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर रू0 286.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 197.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और समिति के सम्मुख भी उक्त की जानकारी दी गयी। समिति द्वारा उक्त के अनुमोदनोपरान्त निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(7) जालौन स्थान उरई–** अधिशासी अधिकारी/परियोजना अधिकारी, जालौन स्थान उरई के पत्र संख्या– 338/डूडा/2016–17, दिनांक 25.11.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत उरई (जालौन) नगर में शहरी पथ विकेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार करने हेतु एजेन्सी के चयन के लिए दैनिक जागरण, झांसी, दैनिक आज एवं दैनिक हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित की गयी थी जिसके जमा करने और खोलने की अन्तिम तिथि 31.08.2016 निर्धारित थी। निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा टेण्डर डाले गयेः–

1 युग एसोशिएट, लखनऊ
2 बायोटेक मैनेजमेन्ट प्रा0लि0, उन्नाव
3 बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ।

उपरोक्त तीनों संस्थाओं के टेण्डर कमेटी के समक्ष तकनीकी बिड खोली गयी जिसमें कमांक–1 द्वारा अर्हतायें पूर्ण नहीं पायी गयी। अन्य दो संस्थाओं की वित्तीय निविदा उनकी उपस्थिति में खोली गयी जिनका विवरण इस प्रकार हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बायोटेक वेस्ट मैनेजमेन्ट प्रा0लि0, उन्नाव | रू0 298.00 प्रति वेण्डर |
| 2 | बिजनेस इनोवेशन, लखनऊ | रू0 260.00 प्रति वेण्डर |

**उपरोक्तानुसार जालौन शहर हेतु कार्यदायी एजेन्सी मे0 बिजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर रू0 260.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 197.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और इस संबंध में समिति को भी अवगत कराया गया। समिति द्वारा उक्त के अनुमोदनोपरान्त निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(8) अमरोहा–** परियोजना निदेशक/अपर जिलाधिकारी, डूडा, अमरोहा के पत्रांक 1496/डूडा/ एसयूएसवी/2016–17, दिनांक 09.12.2016 के साथ संलग्न टिप्पणी द्वारा अवगत कराया गया है कि दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत अमरोहा नगर में शहरी पथ विकेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार करने हेतु संस्था के चयन के लिए निविदायें दिनांक 19.09.2016 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी। तकनीकी निविदा में अर्ह पायी गयी संस्थाओं की वित्तीय निविदायें समिति और संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली गयी जिसका विवरण इस प्रकार हैः–

| कमांक | संस्था का नाम | संस्था का पता | निविदा में दर्शायी गयी दरें | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अरबन जियोकाफट ओ0पी0सी0 प्रा0लि0 | नई दिल्ली 91 | रू0 289.00 प्रति वेण्डर | न्यूनतम दर |
| 2 | रूद्राभिषेक एण्टरप्राइजेज, प्रा0लि0 | नोएडा, उ0प्र0 | रू0 396.00 प्रति वेण्डर | दर अधिक निरस्त |
| 3 | खादी ग्रामोघोग आश्रम | सम्भल | रू0 2500.00 प्रति वेण्डर | दर अधिक निरस्त |

**उपरोक्तानुसार अमरोहा शहर हेतु कार्यदायी एजेन्सी मे0 अरबन जियोक्राफट ओ0पी0सी0 प्रा0लि0 नई दिल्ली की न्यूनतम दर रू0 289.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से निगोशिएशन के उपरान्त रू0 195.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और इसकी जानकारी समिति को दी गयी। समिति द्वारा उक्त के अनुमोदनोपरान्त निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

**(9)हरदोई–** जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, हरदोई के पत्र संख्या–'139/एनयूएलएम–डीएवाई/ डूडा/2016–17, दिनांक 29.12.2016 द्वारा अवगत कराया गया है कि दीनदयालय अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक "शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता योजना (SUSV)" के अन्तर्गत हरदोई नगर में शहरी पथ विकेताओं के सर्वेक्षण और सिटी स्ट्रीट वेडिंग प्लान तैयार करने हेतु एजेन्सी के चयन की प्रकिया हेतु दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 06.09.2016 को प्रकाशित टेण्डर नोटिस के सापेक्ष प्राप्त 03 प्रस्तावों– 1 मे0 अनुराधा टेक्निकल सर्विसेज, प्रा0लि0, छित्तूपुर, वाराणसी प्राप्त दर रू0 470.00 प्रति वेण्डर, 2 मे0 बिजनेश इनोवेशन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ प्राप्त दर रू0 370.00 प्रति वेण्डर तथा 3 मे0 मार्ग सॉफ्टवेयर सोल्यूसन आशा अपार्टमेन्ट, गोखले मार्ग, लखनऊ प्राप्त दर रू0 490.00 प्रति वेण्डर का मूल्यांकन गठित समिति द्वारा किया गया। प्राप्त प्रस्तावों के मूल्यांकन के उपरान्त मे0 बिजनेश इनोवेशन, विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की वित्तीय दर रू0 370.00 प्रति शहरी पथ विकेता न्यूनतम है। जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, हरदोई द्वारा मे0 बिजनेश इनोवेशन, विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ का प्रस्ताव संस्तुति सहित प्रेषित किया गया है।

**उपरोक्तानुसार जालौन शहर हेतु कार्यदायी एजेन्सी मे0 बिजनेश इनोवेसन विकान्त खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ की दर रू0 370.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर निगोशिएशन के उपरान्त दर रू0 285.00 प्रति वेण्डर की दर के प्रस्ताव पर सहायक परियोजना अधिकारी, डूडा द्वारा संस्था से पुनः निगोशिएशन के पश्चात रू0 197.00 प्रति वेण्डर प्राप्त कर न्यूनतम दर को अन्तिम रूप देते हुए राज्य शहरी आजीविका मिशन को लिखित में सूचित किया गया और समिति को भी तदनुसार अवगत कराया गया। समिति द्वारा उक्त के अनुमोदनोपरान्त निर्देशित किया गया कि एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी कर अनुबन्ध करते हुए और निविदा के अनुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार करने हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाये।**

समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि शहरी पथ विक्रेताओं के सर्वेक्षण सिटी स्ट्रीट वेंडिंग प्लान तैयार करने एवं अन्य अपेक्षित कार्यों को सम्पादन कराने हेतु एजेन्सी को शीघ्र ही कार्यादेश जारी करते हुए अनुबंध किया जाये और निविदानुसार शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने हेतु कार्यवाही समयबद्ध तरीके से प्रारम्भ की जाये।

कुमार कमलेश
प्रमुख सचिव

**राज्य शहरी आजीविका मिशन (सूडा), उ0प्र0**
**नवचेतना केन्द्र, लखनऊ**

पत्रांक– 382 /241/nulm/तीन/2001(SUSV) दिनांक– 19/6/2017

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. संयुक्त सचिव, (यू0पी0ए0) आवास एवं शहरी उपशमन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
7. मिशन निदेशक, एस0यू0एल0एम0, सूडा उ0प्र0।
8. अपर निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
9. वित्त नियंत्रक, सूडा/राज्य शहरी आजीविका मिशन एस0यू0एल0एम0, उ0प्र0
10. क्षेत्रीय प्रमुख हडको, लखनऊ।
11. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, – शाहजहांपुर सम्भल, फैजाबाद, मिर्जापुर, हापुड, फतेहपुर, जालौन, अमरोहा एवं हरदोई ।
12. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, शाहजहांपुर सम्भल, फैजाबाद, मिर्जापुर, हापुड, फतेहपुर, जालौन, अमरोहा एवं हरदोई ।
13. परियोजना निदेशक, सूडा, उ0प्र0।
14. परियोजना अधिकारी, डूडा– शाहजहांपुर सम्भल, फैजाबाद, मिर्जापुर, हापुड, फतेहपुर, जालौन, अमरोहा एवं हरदोई ।
15. सहायक वेबमास्टर को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

*****